विक्रमोत्सव के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन

मंदसौर । शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि शासकीय कन्या महाविद्यालय में विक्रमोत्सव के अवसर पर एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन महाविद्यालय की प्राध्यापिका श्रीमती सुरभि चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिससे छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि हुई। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे–प्रथम स्थान पर प्रीति पांचाल, द्वितीय स्थान पर पूजा बैरागी, तथा तृतीय स्थान पर वर्षा पाटीदार रहीं। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्राओं को बधाई दी गई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

जल संवर्धन जन भागीदारी अभियान में तय कार्ययोजना पर काम करें

मंदसौर । कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में गेहूं उपार्जन, जल संवर्धन एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन केंद्रों पर खरीदी के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी स्थिति में मानकों से समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर नियुक्त सर्वेयरों को इंटरचेंज किया जाए तथा स्थानीय सर्वेयरों को अन्य स्थानों पर तैनात किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे गोदामों के साथ-साथ उपार्जन केंद्रों का सतत भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें। गोदाम की क्षमता, किसानों की संख्या, स्लॉट बुकिंग की स्थिति एवं बारदान की उपलब्धता पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवश्यकतानुसार बारदान की अग्रिम मांग भेजने को कहा गया। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अभियान अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया कि पेयजल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें। जल संवर्धन जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत सभी विभागों को दिनांक वार कार्ययोजना बनाकर समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता स्वाभिमान अभियान अंतर्गत स्वच्छता वाहन एवं नारी शक्ति वंदन रैली आयोजित

खंडवा। खंडवा स्वच्छता स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा स्वच्छता वाहन रैली एवं नारी शक्ति वंदन रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर महापौर के साथ एमआईसी सदस्य श्री विक्की भांवरे, श्री सोमनाथ काले, पार्षद श्री पालीवाल जी, आयुक्त श्रीमती प्रियंका रजावत, उपायुक्त श्री एस.आर. सिटोले सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में कुल 60 स्वच्छता वाहनों ने सहभागिता की। सभी वाहन पंक्तिबद्ध रूप से नगर में संचालित हुए, जिससे नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ।

गीला-सूखा कचरा पृथक्करण का दिया संदेश

प्रत्येक वाहन में एक ओर नीले एवं दूसरी ओर हरे रंग का ध्वज लगाया गया था, जो गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण का प्रतीक है। यह पहल नागरिकों को स्रोत पर ही कचरा अलग करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई।

रैली का निर्धारित मार्ग

रैली का प्रारंभ जोन क्रमांक 01 से होकर ओवरब्रिज, जलेबी चौक, निगम के पीछे की सड़क, एसबीएम कार्यालय मार्ग से होते हुए पुनः जोन क्रमांक 01 पर समापन हुआ। खंडवा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत आज नगर में संचालित पिंक टॉयलेट का निरीक्षण किया जाएगा, जिससे महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन किया जा सके।

निगम की नागरिकों से अपील

नगर पालिक निगम खंडवा समस्त नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छता को जन आंदोलन बनाते हुए अपने घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करें। स्रोत पर कचरा पृथक्करण अपनाकर न केवल शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है, बल्कि स्वच्छ सर्वेक्षण में खंडवा की रैंकिंग को भी बेहतर किया जा सकता है।

महिलाओं का विराट मंच: नृत्य-नाटिकाओं ने बांधी समां, पूरा नगर उमड़ा

प्रथम स्थान - गणगौर ग्रुप श्री देववंशीय मालवीय लोहार समाज

आलीराजपुर। मां शारदा मंडल के तत्वावधान में दाहोद नाका स्थित श्रीनाथ गार्डन में नगर की सर्व समाज की महिलाओं के लिए एक भव्य मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने उत्सव का रूप ले लिया, जिसमें हर उम्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता विभिन्न समाजों की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत की गई आकर्षक नृत्य-नाटिकाएं रहीं। अलग-अलग सांस्कृतिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे नगर में आयोजन की खूब सराहना हुई।

गरिमामयी रही अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद अनीता नागर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष हजरीबाई खरत, जोबट विधायक महेश पटेल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष परवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अतिथियों ने महिलाओं के इस प्रयास को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

प्रतियोगिता में इन समूहों ने मारी बाजी

कार्यक्रम में कुल 7 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से:

प्रथम स्थान - गणगौर ग्रुप (श्री देववंशीय मालवीय लोहार समाज)

द्वितीय स्थान - रामलीला ग्रुप (सनातन ग्रुप)

तृतीय स्थान - 'नर्सिंग मेहता की भक्ति' (सांवरिया ग्रुप, महेश्वरी समाज)

विजेताओं को क्रमशः ?4001, ?3001 और ?2001 की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं सभी प्रतिभागी टीमों को ?1101 की सांत्वना राशि देकर सम्मानित किया गया।

गणगौर थीम पर प्रस्तुति बनी आकर्षण

श्री देववंशीय मालवीय लोहार समाज की महिला मंडल ने गणगौर पर्व की थीम पर आधारित शानदार नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया।

इस प्रस्तुति में मालवा, निमाड़ और राजस्थान की लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली। 14 मिनट की इस नाटिका की खास बात यह रही कि इसकी पटकथा, संवाद और डबिंग स्वयं कलाकारों ने तैयार की, जिसमें दादी का अनुभव, बहू का समर्पण और सखियों के संवादों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

मंच से दिया गया भावपूर्ण संदेश (संवाद अंश):

'खम्मा घणी सा!

अलीराजपुर की इस पावन धरा और शारदा मंडल के मंच को मेरा सादर प्रणाम। आज श्री देव वंशीय मालवीय लोहार समाज यहाँ शिव-शक्ति के अटूट गठबंधन 'गणगौर' की सौगात लेकर आया है।

गणगौर जहाँ सुहागिनों के लिए अखंड सौभाग्य का पर्व है, वहीं हमारी कुंवारी कन्याओं के लिए मनचाहे वर और उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद है। इस मंच पर 'झाल' की पवित्र रस्म और लोक-गीतों की वह गूँज प्रस्तुत की गई, जिसमें मालवा, निमाड़ और राजस्थान की संस्कृति समाई है।

इस नाटिका की विशेषता यह रही कि इसकी पूरी पटकथा हमारे कलाकारों ने स्वयं लिखी और संवादों को भी खुद ही डब किया। 14 मिनट की प्रस्तुति में दादी का अनुभव, बहू का समर्पण, सखियों के संवाद और बेटियों का उत्साह देखने को मिला। ढोलक की थाप के साथ प्रस्तुत यह 'गणगौर' हमारी संस्कृति का गौरव है। '

व्यंजनों के स्टाल बने आकर्षण

कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न व्यंजनों के स्टाल भी आकर्षण का केंद्र रहे, जहां लोगों ने लजीज पकवानों का आनंद लिया। इससे आयोजन में मेल-जोल और उत्सव का माहौल और अधिक जीवंत हो गया।

जनसैलाब से खचाखच भरा गार्डन: कार्यक्रम को देखने के लिए नगर के सभी वर्गों–महिला, पुरुष और बच्चे–बड़ी संख्या में श्रीनाथ गार्डन पहुंचे। पूरा परिसर खचाखच भरा रहा और देर रात तक उत्साह का माहौल बना रहा।

महिलाओं के लिए प्रेरणादायक पहल–मां शारदा मंडल की सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम में स्वच्छताकर्मी व वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान

खण्डवा । भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 10 से 14 अप्रैल के बीच प्रदेश के सभी जिला एवं विकासखंड मुख्यालयों पर समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को खण्डवा के किशोर कुमार सभागृह खण्डवा में जिला स्तरीय आयोजित किया गया है।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा खण्डवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने वर्चुअली संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वच्छताकर्मी श्री हुकुमलाल नाहर तथा समाज के वरिष्ठजनों श्री नानूराम मांडले, मोहन रोकड़े, दिग्विजय सिंह तोमर, मनोहरलाल निशोद तथा अनिल पाटिल का सम्मान शॉल व श्रीफल प्रदान कर किया गया। इस दौरान डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन दर्शन पर आधारित परिचर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें श्री गणेश कनाडे और प्रो. प्रतापराव कदम ने डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन, विचारों, लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र श्री इनेश रावत ने डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, नगर निगम अध्यक्ष श्री अनिल विश्वकर्मा, पुनासा के एसडीएम श्री पंकज वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह तोमर एवं पूर्व अध्यक्ष श्री सेवादास पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सहायक आयुक्त श्री बजरंग बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री संदीप जोशी ने किया। प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि यह सप्ताह महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक है। संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र 16 अप्रैल को आरंभ हो रहा है, जिसमें महिला आरक्षण के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। हमारे देश की नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत स्थान मिलना चाहिए। राज्य सरकार भी 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा मना रही है। पूरे प्रदेश में इस दौरान बड़े स्तर पर नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित होंगे, इसके साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में नारी शक्ति पदयात्रा भी निकाली जाएंगी। महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने अभावपूर्ण जीवन जीकर उच्च शिक्षा ग्रहण की और 32 डिग्रियां हासिल कीं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि डॉ. अम्बेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के इन्दौर जिले के महू में हुआ था। प्रदेश सरकार ने महू में अम्बेडकर स्मारक निर्मित कराया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का विकास गत वर्षों में हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वानखेड़े ने इस अवसर पर डॉ. अम्बेडकर के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर हमेशा कहा करते थे कि 'गरीब वही है, जो शिक्षित नहीं है।' उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार शिक्षा के प्रचार प्रसार और दूरस्थ क्षेत्रों तक शिक्षा की उपलब्धता के लिए सराहनीय कार्य कर रही है।

नगर परिषद शाहपुर का 48,16,72,419 रूपए का बजट स्वीकृत

शाहपुर। नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026.27 का अनुमानित आय व्यय बजट प्रस्तुत किया गया ! बजट पर विस्तृत चर्चा कर अनुमानित आय राशि रुपए 48,16,72,419 एवं व्यय 48,16,66,263 होकर 6156 रूपये का बचत परिषद् के साधारण सम्मलेन में सर्वसम्मति से पारित हुआ,बजट नगर की मुलभूत आवश्यकताओं एवं विकास को ध्यान में रखते हुवे तैयार किया गया है जो नगर के चहुमुखी विकास में कारगर साबित होंगा ! बजट में नगर की जनता पर किसी भी प्रकार का नया कर आरोपित नहीं किया गया और ना ही किसी प्रकार से कर में वृद्धी की गई है ! इस बजट का उपयोग आमतौर पर नगर के विकास कार्यों के लिए किया जावेंगा जैसेरू. *सड़कों और नालियों का निर्माण व मरम्मत । *पेयजल व्यवस्था सुधार । *अधोसंरचना निर्माण । *सफाई और कचरा प्रबंधन । स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाएँ । *स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम। साथ ही वार्ड क्रमांक 01 में श्री गजानन महाराज मंदिर के समीप टीन शेड निर्माण्य वार्ड क्रमांक 05 में सी.सी.रोड टॉप लेयर निर्माण, वार्ड क्रमांक 05 मेला स्थल के समीप सामुदायिक भवन निर्माणए वार्ड क्रमांक 05 मेला स्थल मंदिर के समीप गार्डन एवं सौदर्यीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 08 में सी.सी.रोड टॉप लेयर निर्माण्य वार्ड क्रमांक 14 नवीन बस स्टैंड के समीप स्लाटर हॉउस निर्माण, वार्ड क्रमांक 14 में बम्भाडा फाटे से सुरेश आखरे के खेत तक सी सी रोड साईड पटरी निर्माण, विभिन्न वार्डों में सार्वजनिक मूत्रालय निर्माण,मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना ;चतुर्थ चरण अंतर्गत कार्यालय भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 14 बम्भाडा फाटा के पास स्थित विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य हेतु कुल लागत राशी 5.04 करोड़ के प्राप्त दरो की स्वीकृतियां एवं की गई कार्यवाही की पुष्टि प्रदान की गई, वार्ड क्रमांक 01 से 07 एवं 08 से 15 तक राशी 2.40 करोड़ की लागत से नालियों को आर सी सी से कवर कार्य करने स्वीकृति प्रदान की गई । परिषद् की इस साधारण सम्मलेन कार्य करने स्वीकृति प्रदान की गई । परिषद् की इस साधारण सम्मलेन में नवनियुक्त एल्डरमेन एवं वरिष्ट पार्षद श्री राजाराम अटोलकर,श्री रमेश चोपड़े, श्री प्रकाश महेश्री, श्री रवि जैन का स्वागत सम्मान किया गया ! अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री वीरेंद्र तिवारी द्वारा उपस्थित परिषद् पदाधिकारियों को निर्माणाधीनए प्रचलित विकास कार्यों एवं प्रारम्भ होने वाले कार्यों से अवगत कर जानकारी दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरीए पार्षद श्रीमती उषाबाई वासुदेव दौड़ेए श्री अशोक सीताराम निकमए श्री किशोर देशमुखए श्री जब्बार खाए श्रीमती प्रमिलाबाई विनोद चौधरी, श्री कैलाश असेरकर, श्रीमती दीपाली पंकज राउतए श्रीमती दीपाली मुकेश बुनगालए श्रीमती ज्योत्सना विष्णु महाजन, शेख साकिर शेख हाजी, शेख ताजुद्दीन शेख युसुफ श्री पवन बडोले, नवनियुक्त एल्डरमेन श्री राजाराम अटोलकरए श्री रमेश चोपड़ेए श्री प्रकाश महेश्रीए श्री रवि जैन अध्यक्ष प्रतिनिधि वरिष्ट लिपिक श्री जगन्नाथ महाजनए श्रीमती प्रतिभा कालेए श्रीमती भारती महाजनए श्री ईश्वर वरखेडेए अभिषेक जवरेए बोंदरसिंग डावरए चेतन महाजनए राजू महाजनए नगर परिषद् के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे !

विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार की मौजूदगी में नारी शक्ति की गूंज

450 वीरांगनाओं के शौर्य संचलन से महेश्वर में नारी शक्ति का गूंजा शंखनाद

महेश्वर (इन्दौर समाचार सुनिल गाडगे)। पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की नगरी और मां नर्मदा की पावन गोद में बसा महेश्वर रविवार को 'जय श्री राम' और 'वन्दे मातरम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

अवसर था विश्व हिंदू परिषद (विहिप) दुर्गा वाहिनी के इंदौर संभागीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन की पूर्व संध्या का जब 450 से अधिक प्रशिक्षित वीरांगनाओं ने हाथों में दंड और शस्त्र लेकर पथ संचलन निकाला, तो नगर की सड़कों पर साक्षात् शक्ति का स्वरूप उतर आया। पथ संचलन यमुना कुंज मेहतवाड़ा रोड से प्रारंभ होकर बस स्टेंड , विजय स्तंभ चौराहा, एमजी रोड, स्टेट बैंक , रणजीत हनुमान मंदिर, गोपाल मंदिर, शीतला माता मंदिर और पोस्ट ऑफिस चौराहा होते हुए पुनः यमुना कुंज पहुंचे। इस पथ संचलन का शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

इस गरिमामई आयोजन में महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, मण्डल अध्यक्ष विक्रम पटेल , मनोज शर्मा , नितिन पाटीदार , मनोज पाटीदार भी कार्यक्रम में पहुँचे। विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए सामाजिक समरसता को संगठन का मूल मंत्र बताया। उनके साथ ही साध्वी साध्वी चेतना दीदी (परम शक्ति पीठ, ओंकारेश्वर) ने बहनों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा केवल जरूरत नहीं, बल्कि अनिवार्य जीवन कौशल है और समाज में व्याप्त बुराइयों का संहार करने के लिए हर बेटी को वैचारिक व शारीरिक रूप से सुसज्जित होना होगा। 5 अप्रैल से निरंतर जारी इस वर्ग में बालिकाओं को राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा माहला, राष्ट्रीय सह-संयोजिका पिंकी पवार और प्रांत संयोजिका ज्योति प्रिया शर्मा की देखरेख में शस्त्र और शास्त्र का कड़ा प्रशिक्षण दिया गया। आयोजन के दौरान बौद्धिक सत्रों में केंद्रीय मंत्री एवं सेवा प्रमुख अजय पारीक ने वीरांगनाओं के गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराया, वहीं प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव ने नारी सशक्तीकरण पर प्रभावी व्याख्यान दिया। इस दौरान मंच पर प्रांत मातृ शक्ति सह-संयोजिका सरिता बाफना, प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, दुर्गा वाहिनी प्रांत सहयोजिका ज्योति प्रिया दीदी , सह प्रांत मंत्री महेश आंजना, विभाग संगठन मंत्री वासुदेव पांड्या और विभाग मंत्री मनोज वर्मा भी विशेष रूप से मंचासीन रहे। पथ संचलन में जिला अध्यक्ष रवि गुर्जर, जिला मंत्री नितिन करडक, जिला संयोजक बलराम खटीक, विभाग संयोजिका उमा दीदी बेसवार , महेश्वर प्रखंड अध्यक्ष चंचल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर एवं जिला प्रचार प्रमुख परशुराम साठे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कदमताल करते नजर आए। कार्यक्रम की सफलता में पीयूष वर्मा, प्रखंड सह मंत्री कार्तिक सोलंकी, प्रखंड संयोजक बादल वर्मा, मंत्री मनोज केवट, लखन कौशल, कृष्ण केवट, विकास वर्मा, विष्णु चौहान और नीरज कर्मा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर उमा दीदी बैसवार, राजा चौरसिया सहित खरगोन, बड़वाह, सेंधवा और बड़वानी जिलों के अनेक पदाधिकारी व मातृशक्ति उपस्थित थी।

न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य), जिला इंदौर (म.प्र.)
(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्र. जी 11)
इन्दौर, दिनांक 31-03-2026
क्रमांक/1435/अकरी-2026 प्रकरण क्र./0615/ब-121/2025-2026

पेपर विज्ञप्ति

प्रति,
1. श्री महेन्द्र पाटील पिता श्री माणिक पाटील
2. श्रीमती पूनम पाटील पति श्री महेन्द्र पाटील
पता 1:– 01 पानीटंकी जावल पिम्पलगांव जालोन महाराष्ट्र
पता 2:– प्रकोष क्रमांक 201, द्वितीय मंजिल साई आर्चिड रिजेन्सी सेटेलाईट जंक्शन, ग्राम कैलोदहाला तहसील व जिला इंदौर (म.प्र.) 452001

द्वारा:– पेपर प्रकाशन ।

प्राधिकृत अधिकारी, बंधक बैंक लिमिटेड शाखा का पता:– 304–305 बी एम टावर, लोटस शो रूम के सामने, सपना संगीता रोड इंदौर 452001 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया है कि **बंधक संपत्ति प्रकोष क्रमांक 201, द्वितीय मंजिल साई आर्चिड रिजेन्सी सेटेलाईट जंक्शन, ग्राम कैलोदहाला तहसील व जिला इंदौर (म.प्र.) 452001** पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया हैं। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर **कक्ष क्रमांक जी-11 में दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे होगी।** आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरीक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इंदौर (म.प्र.)
दिनांक 31/03/26